an>

Title: Shri Rajnath Singh, Minister of Defence spoke about the healthy tradition of the House during introduction of Ministers by Prime Minister which was broken this time due to interruptions.

रक्षा मंत्री (श्री राज नाथ सिंह): अध्यक्ष महोदय, पूरा संसद इस बात से सहमत होगा ।…(व्यवधान) इस संसद की सबसे बड़ी स्ट्रेंग्थ यदि कोई होती है तो वह हेल्दी ट्रेडिशन होती है ।…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं यह अनुरोध कर रहा था ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय राज नाथ सिंह जी महत्वपूर्ण विषय पर बता रहे हैं ।

…(व्यवधान)

श्री राज नाथ सिंह : आप मुद्दा उठाइए, कोई आपत्ति नहीं, लेकिन प्लीज़ एक मिनट का समय दीजिए । …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं यह निवेदन कर रहा था कि जो हेल्दी ट्रेडिशन है, वह संसद की सबसे बड़ी स्ट्रेंग्थ होती है और इसे बनाकर रखना पक्ष और विपक्ष सबकी जिम्मेदारी होती है ।…(व्यवधान)

11.33 hrs

At this stage, Shri Sukhbir Singh Badal, Shri Hanuman Beniwal, Shri Gaurav Gogoi, Shri Bhagwant Mann, Dr. T. Sumathy (A) Thamizhachi Thangapandian and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

अध्यक्ष महोदय, संसद के जो हेल्दी ट्रेडिशंस बनते हैं, वे संविधान के प्रावधानों से बनते हैं । …(व्यवधान) रूल्स और प्रोसिजर्स से ही सारे हेल्दी

ट्रेडिशंस बनते हैं । 24 वर्षों से संसद सदस्य के रूप में मैं अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहा हूँ ।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैंने देखा है कि जब भी कोई प्रधानमंत्री रहा हो, यदि वह अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करता है तो चाहे एक मंत्री का शपथ-ग्रहण हुआ हो या 50 मंत्रियों का शपथ-ग्रहण हुआ हो, प्रधानमंत्री संसद में आकर सबसे पहले सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही अपने मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों का परिचय कराता है और पूरा सदन शांतिपूर्वक ढंग से प्रधानमंत्री की बात सुनता है । ...(व्यवधान) जितने भी मंत्रीगण होते हैं, सदन उनका परिचय हासिल करता है । यह हेल्दी ट्रेडिशन यहाँ का रहा है । ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैंने पहली बार अपने 24 वर्षों के संसदीय जीवन में देखा है कि इस परंपरा को इस बार संसद में तोड़ा गया है ।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूँ कि जो कुछ भी काँग्रेस ने किया है, वह दुखद है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है और साथ ही साथ वह अनहेल्दी एप्रोच है ।...(व्यवधान) यह कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ ।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न काल महत्वपूर्ण समय होता है । मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे कृपया अपने-अपने आसन पर विराजें, ताकि महत्वपूर्ण प्रश्नों के माध्यम से आप सरकार की जवाबदेही तय कर सकें ।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं पुन: माननीय सदस्यों से आग्रह कर रहा हूं कि वे अपने-अपने आसन पर विराजें ।

...(व्यवधान)